हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 मेहनकश है मरार पटेल समाज : नारायण



13 सीएम साय को होली का टीका लगा किशोर ने लिया आशीर्वाद





आवश्यकता है

कम्प्यूटर वर्क/ऑफिस वर्क के लिए फीमेल स्टॉफ/ लड़कियां एवं सेल्स गर्ल कपड़े एवं रेडिमेड के लिए आवश्यकता है

:: संपर्क करें ::

काका होजियरी

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

9893744470

पर्व : क्षेत्र में रंगों का पर्व होली पूरे हर्षोल्लास से मना

# मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित पूरे क्षेत्र में रंगों का पर्व होली पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, फाल्गुन मास के पूर्णिमा तिथि पर गुरुवार रात में मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के सभी ग्रामों में विधिवत पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया। इस दौरान ग्राम के बुजुर्ग झाकर, पुजारी, बैगा व वरिष्ठ जनों द्वारा पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया। होलिका दहन स्थल पर रात में लोग ढोल-नगाड़े बजाकर देर रात तक फाग गीत गाते रहे एवं 14 मार्च को रंगों का पर्व होली क्षेत्र भर में मनाया जाएगा। नगर में सभी प्रमुख स्थानों, चौक -चौराहों पर विभिन्न रंग बिरंगे-रंगों की होली खेली गई तथा कई जगह सुखी होली के साथ- साथ फूलों की होली खेलते लोग नजर आ रहे हैं। कहीं- कहीं नगाड़ों की थाप तो कही डीजे की धुन तो कई जगहों पर डंडा नाच किया गया। होली पर्व के चलते घरों में छत्तीसगढ़ी व्यंजन खुरमी, ठेठरी एवं अन्य पारंपरिक व्यंजन की धूम देखी जा रही है, जहां युवा, बुर्जुग, बच्चें सभी वर्ग के लोगों ने आज एक दिन पहले होलिका दहन को ही एक- दूसरे के घरों में जाकर रंग गुलाल लगाई। स्कूलों व सरकारी कार्यलयों जमकर होली खेली गई। होली के एक दिन पूर्व गुरुवार को क्षेत्र के स्कूलो में छात्र- छात्राएं व बच्चे छुट्टी होने से पूर्व जमकर होली खेलते नजर आए एक -दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई देते रहे, और सरकारी कार्यलयों में भी आज होली खेली गई।







# हुड़दंगियों को नहीं बख्शा जाएगा : टीआई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम थाना परिसर में होली पर्व एवं रमजान पर्व के मद्देनजर एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार मैम, टीआई अमृत लाल साहू की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में टीआई श्री साहू ने होली पर्व को बहुत ही शालीनता से मनाने का अनुरोध आम जनता से किया है। कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। यह पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। रंग-गुलाल उड़ाते समय बवाल न हो इस बात का भी हम सभी को ध्यान रखना है। टीआई ने होली पर्व को शांति पूर्ण और सौहार्द्र वातावरण में मनाने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर फोकस करते हुए सभी से आग्रह किया कहा कि ऐसे जगह जहां विद्युत तार व पैरावट लगे हो वहां होली न जलाएं। लाउडस्पीकर, डीजे का उपयोग न हो, पानी का दुरूपयोग अनावश्यक रूप से न करें। रासायनिक रंगों का उपयोग न हो, शराब पीकर नशे में रहकर हुड़दंग न करें। कहा कि शहर एवं थाना क्षेत्र के गांवों में तीन पेट्रोलिंग गाड़ी भ्रमण करती रहेगी। हुड़दंगियों को नहीं बख्शा जाएगा। बैठक में मौजूद नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, नगर पंचायत राजिम के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, राघोबा महाड़िक, श्रवण सिंह ठाकुर, भारत यादव, पटेल समाज के जिलाध्यक्ष सोमनाथ पटेल, पार्षद आकाश राजपूत सहित अनेकों गणमान्य नागरिकों ने होली पर्व को शांति और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने आने सुझाव रखें। किसी भी प्रकार से गुंडागर्दी या हुड़दंग न हो इसे देखते हुए टीआई ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों व संवेदनशील मोहल्लों में पुलिस वाइंट बनाया है जहां पुलिस के जवान ड्युटी में मौजूद रहेंगे। खासतौर से बस स्टेण्ड जैसे अनेको चौक-चौराहो को वाइंट शामिल है।

■ होली पर तीन पेट्रोलिंग गाड़ी 24 घंटे करेगी भ्रमण

## खबर संक्षेप

### डंडा नृत्य करते टोलियों ने बिखेरी होली के रंग



**नवापारा-राजिम।** नगर में होली का उत्साह दिखने लगा है। होली के अवसर पर आसपास के गांव से टोलिया डंडा नृत्य करने पहुंची है। 10 से 12 लोगों की टोली ने पूरे नगर को होली के माहौल में रंग दिया है। छत्तीसगढ़ में होली के अवसर पर पुरुषों का सामूहिक लोक नृत्य जिसमें डंडे का प्रयोग होता है उसे डंडा नृत्य, सैला नृत्य या रहस नृत्य कहा जाता है। बता दे कि आज रात होलिका दहन एवं कल होली खेली जाएगी। बदलते समय एवं आधुनिकता के कारण पारंपरिक लोक नृत्य समाप्त होते जा रहे है। ऐसे में गांव के कुछ कलाकार छत्तीसगढ़ की लोक पारंपरिक नृत्य को जीवित रखे हुए है।

### गोस्वामी समाज का होली मिलन 16 को

**महासमुंद।** छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद का होली मिलन कार्यक्रम 16 मार्च रविवार को ग्राम लभरा कला में रामेंद्र प्रकाश गिरि के निवास स्थान पर आयोजित किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि होली मिलन का कार्यक्रम पारंपरिक रूप से रंग गुलाल लगाकर तथा नगाड़े की थाप पर फाग गीत गायन के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले सदस्यों तथा पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, हुलास गिरि, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, देव गिरि, डोगेंद्र गिरि आदि तैयारी में लगे हुए हैं।

### एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में बाइक चालक की हुई मौत के मामले की पुलिस ने जांच की। जांच के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि रमेश कुमार कैवर्त पिता कार्तिकराम कैवर्त (49 साल) निवासी कुकुर्दीखुर्द थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर की मौत के मामले की जांच की गई। जांच पर पाया गया कि घटना दिनांक 16 जनवरी को मृतक रमेश कुमार कैवर्त अपनी मोटर सायकल टीवीएस स्पोर्ट क्र. सीजी 24 एस 2639 से अपने गांव कुकुर्दीखुर्द से तुमगांव होते हुए दुर्ग जा रहा था, दोपहर लगभग 12:45 बजे ग्राम बिरकोनी इंडियन पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था, उसी समय इंडियन पेट्रोल पंप के सामने सरायपाली से रायपुर मार्ग ग्राम बिरकोनी के पास मेटाडोर वाहन क्र. सीजी 06 जीवाई 3262 के चालक ने अपने वाहन को एनएच. 53 रोड ऊपर बिना किसी संकेतक बोर्ड लगाए व बिना इंडीकेटर जलाए खड़ा कर दिया था। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी, जिसके कारण मोटर सायकल चालक रमेश कुमार कैवर्त टकरा गया। जिससे आई चोट का इलाज कराने के लिए सरकारी अस्पताल तुमगांव लेकर गया। जहां पर मृत घोषित कर दिया गया।

# सीतानदी रिजर्व क्षेत्र के ग्रामीणों को साफ पानी के लिए बांटे गये आयरन-फ्लोराइड रिमूविंग फिल्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



वनों को आग से बचाने की गयी अपील

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट, इंदागांव, उत्तर उदंती, दक्षिण उदंती के कुछ क्षेत्रे मे जियोलॉजी एवं भौगोलिक कारणों से पानी (भू–जल) में आयरन की मात्र तय मानकों से अधिक पायी जाती है। कुल्हाड़ीघाट वन परिक्षेत्र के अमलोर, आमामोरा, ओढ़, हथौड़ाडीह, इंदागांव वन परिक्षेत्र के इंदागांव, धुरवागुड़ी, काण्डसर, उत्तर उदंती वन परिक्षेत्र के जुगाड़, जांगड़ा, पायलीखण्ड, दक्षिण उदंती वन परिक्षेत्र के कोयबा, बम्हनीझोला, साहेबिनकछार एवं देवभोग वन परिक्षेत्र के सुपेबेड़ा ग्रामों का हैण्डपंप, बोर, कुए, झिरिया का पानी को यतेन्द्र कुमार अग्रवाल आई.आई.टी. मुंबई के द्वारा जांच किया गया जिसमे कोयबा, बम्हनीझोला, साहेबिनकछार, सुपेबेड़ा क्षेत्र में भू–जल में फ्लोराइड की मात्र अधिक पायी गयी थी एवं अमलोर, आमामोरा, ओढ़, हथौड़ाडीह के भू जल में आयरन की मात्र तय मानकों से अधिक पायी गयी । इन क्षेत्रे के ग्रामीणो को शुद्ध पानी पीने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,वनमंत्री केदार कश्यप, सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, श्रीमती सतोविसा समाजदार मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व ▶▶|शेष पेज 12 पर

## सड़क के बीच खड़े होकर रोकते रहे वाहन...



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों पारा टोला में आने –जाने वाले मार्गों में होली पर्व के एक दिन पूर्व होलिका दहन के अवसर पर छोटे- छोटे बच्चे आने- जाने वाले वाहनों को रोककर होलिका दहन के लिए राशि एकत्र करते दिखाई दिए।

# शासकीय प्राथमिक शाला रजनकटा में विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



शासकीय प्राथमिक शाला रजनकटा में कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रजनकटा की सरपंच तेजकुंवर कंडरा, अध्यक्षता हरीश निषाद अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला, विशिष्ट अतिथि किसन कंडरा सरपंच प्रतिनिधि, भगत साहू उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति विशेष अतिथि खेमलता साहू, दीपिका साहू सहित धनेश्वरी मुरचुलिया प्रधान पाठक, मानिक साहू, गोदावरी साहू एवं ताम्रजध्वज साहू पालक गण मातृ शक्तियां मंचस्थ थे। अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन के साथ कक्षा चौथी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना हे शारदे मां अज्ञानता से हमें तार दे मां की धुन पर आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती तेजकुंवर कंडरा नवनिर्वाचित सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद कक्षा दूसरी के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत पर मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कक्षा तीसरी के छात्राओं द्वारा राज्य गीत अरपा पैरी के धार प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के द्वारा कक्षा पांचवीं के बच्चों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया एवं सरपंच व ग्राम विकास समिति द्वारा पेन भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। संचालन शिक्षक मानिक साहू एवं ताम्रजध्वज साहू ने किया मानिक साहू ने बताया कि तारीफ करने से दिन अच्छे होते हैं और समझाइश से जिंदगी संवरती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती तेजकुंवर कंडरा सरपंच ने कहा बच्चों को हमेशा बड़ों का सम्मान करना चाहिए और अनुशासन में रहकर अपना काम करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि किसन कंडरा ने कहा इस स्कूल में जो स्नेह संस्कार मर्यादा और अनुशासन आपको मिला है, जहां भी ▶▶|शेष पेज 12 पर

# शहर में ध्वज के साथ निकाली निशान यात्रा



**नवापारा-राजिम।** श्री श्याम परिवार एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में श्याम निशान यात्रा का सफल आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने निशान लिए, भजन गाते हुए जयकारा करते शहर में निकले। बताया गया है कि फाल्गुन महिने में इसकी मान्यता बहुत ज्यादा है। इस अवसर पर श्रीराधाकृष्ण मंदिर में श्याम भजन आयोजित किया गया जिसे मनोज शर्मा एवं बजरंग बावरा टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कोसरिया विश्वकर्मा लोहार समाज द्वारा गौरगांव में महासभा सम्मेलन

# बिना सशक्त नारी के समाज का विकास संभव नहीं : यादराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



कोसरिया विश्वकर्मा लोहार समाज द्वारा गौर गांव में पंद्रह सर्कल के सम्मिलित रूप से महासभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गांव में कलश यात्रा कर अपने इस्टदेव विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद लोहार समाज के कर्णधार सभी पदाधिकारियों का स्वागत गुलाल व स्मिरिती चिन्ह भेंट कर किया गया। इसके बाद महासभा अध्यक्ष मिलन सिंह विश्वकर्मा ने में समाज में फैली कुरीतियां व नशापान के संबंध में समाज के लोगों को जागरूक किया। भोजन पश्चात सामाजिक गतिविधियों का निराकरण किया गया। दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में लोकेश्वरी नेताम सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद व संजय नेताम सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद के द्वारा उद्बोधन दिया गया। उसके पश्चात समाज के प्रवक्ता यादराम विश्वकर्मा द्वारा नारी सशक्तिकरण विषय पर बहुत सुंदर अपना विचार प्रस्तुत किया। कहा गया कि कोई भी समाज में नारी यदि सशक्त नहीं है तो उस समाज विकास संभव नहीं है क्योंकि समाज में नारी है तो मां का आंचल है, नारी है तो पुरुष के साथ निः स्वार्थ भाव से साथ निभाने वाली साथी है, नारी है तो भाई के कलाई पर सजी ओ राखी है। ओ नारी ही है जो बहन बेटी बनकर स्नेह लुटाती है। कभी रिश्ते बनाने के लिए त्याग की मूर्ति बन जाती है तो कभी अपने सम्मान के लिए दुर्गा काली का भी रूप धारण कर लेती है।

### अंधविश्वास को दूर करने के लिए शिक्षा जरूरी

महिला प्रकोष्ठ से केशर विश्वकर्मा द्वारा समाज में शिक्षा का महत्व पर महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया गया कहा गया। समाज में कुरीतियां व अंधविश्वास को दूर करने के लिए शिक्षा आवश्यक है। यदि समाज के प्रत्येक नागरिक शिक्षित हो जाए तो समाज का एक नवीनीकरण व एक नए समाज की कल्पना किया का सकता है। इसके पश्चात नवयुवक -युवती परिचय सम्मेलन रखा गया, जिसमें समाज के युवक युवतियों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन में कला, शिक्षा, कृषि आदि विधाओं में अग्रणी रहे समाज के व्यक्ति को मुख्य अतिथि संजय नेताम व समाज के महासभा अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद व उड़ीसा से भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### गोड़ समाज के बैठक में शिक्षा व आर्थिक समृद्धि पर की गई चर्चा

**मैनपुर।** अखिल भारतीय गोंड़ अमात समाज द्वारा 2025 का वार्षिक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें संरक्षक का चयन राजमहल छुरा के यशपेन्द्र शाह विशेष रूप से उपस्थित थे एवं सामाजिक संगठन को बनाए रखने जोर दिया गया। युवा संगठन को शिक्षा एवं सामाजिक आर्थिक रूप से मजबूत बनाते हुए आगे लाने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान समाज के विकास और उत्थान के लिए चर्चा किया गया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से केन्द्रीय उपाध्यक्ष खेदू नेगी, जबर सिंह नागेश, संतन सिंह नागेश, बलदाउ नेताम, टिकम सिंह कपिल, दयाराम नागेश, लोकेन्द्र कोमर्रा, गुजरात सिंह कमलेश, रंजित ठाकुर, जयसिंह सांडिल्य, छत्तर सिंह ठाकुर, रूपसिंह नेताम, लेखराज ध्रुर्वा, गुमान सिंह नेताम, दशरथ ओटी, प्रेमसाय जगत, विशेश्वर ठाकुर, मूलसिंह ठाकुर, खामसिंह ठाकुर, रोहित नागेश, ईश्वर सोरी, चोहन सिंह नेताम, लोकेश्वरी नेताम, प्रियंका कपिल, नीरा कपिल, धनसाय नागेश, चन्द्रकिशोर नागेश, भागसिंह कोमर्रा, सुखराम नागेश, महेन्द्र फरस, रामेश्वर कपिल, विश्राम नागेश एवं भाठीगढ़ राज, कांदाडोंगर राज के वरिष्ठ जन बैठक मे उपस्थित थे।

### ड्राईवर महासंगठन द्वारा किया जा रहा पदयात्रा




**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंघ द्वारा अपने तीन सुत्रीय मांग ड्राईवर आयोग का गठन, ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड, ड्राईवर दिवस मनाने को लेकर प्रदेश स्तर पर पदयात्र किया जा रहा है। देवभोग ओड़िसा बॉर्डर से यह पदयात्रा प्रारंभ हुआ है जो आज मैनपुर के इंदागांव ग्राम पहुंच चुकी है। यह पद यात्रा गरियाबंद राजिम अभनपुर होते हुए तुता मैदान पहुंचेगी जहां मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस पदयात्र में जिला अध्यक्ष मुकेश ध्रुव, दिलीप यादव, भोजे"वर प्रसाद दुबे, अरूण दौरा, दुरूप यादव, छत्रधर यादव, कुसेराम यादव एवं बड़ी संख्या मे ड्राईवर साथी उपस्थित है।

### होली पर्व में नशा से दूर रहने का युवाओं से किया आह्वान

**रायपुर।** रंग, गुलाल और ख़ुशियों के पावन पर्व होली के अवसर पर आम नागरिकों नशा से दूर रहते हुए प्रेम, स्नेह और भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने का अनुरोध किया है। साथ ही युवाओं को नशा से दूर रहने का अपील, आग्रह और आह्वान करते हुए सामाजिक संस्था 'नशा मुक्ति अभियान' के संयोजक अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस गंभीर सामाजिक बुराई के विरुद्ध जागरूकता का का संदेश देते हुए कहा नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, नशा के कारण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक क्षति होती है। नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी एक अभिशाप बन जाता है। उन्होंने कहा होली के मौके पर अक्सर नशीले पदार्थों का सेवन बढ़ जाता है, जिससे आपराधिक घटना और दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है।

## निधन

### बिसहत राम सिन्हा

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा निवासी बिसहत राम सिन्हा का निधन गुरुवार को हो गया। वे सोरिद खुर्द क्षेत्र के जनपद सदस्य पुष्पा सिन्हा व देवानंद सिन्हा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्राम के गणमान्यजन सहित समाज एवं परिवार के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# खत्म हुआ लंबा इंतजार, केजुअल्टी एवं ट्रामा के मरीजों के लिए नया एसी, गर्मी में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार उपयोग की वजह से कंडम हो चुका आंबेडकर अस्पताल के केजुअल्टी और ट्रामा इमरजेंसी का एसी बदल दिया गया है। तेज गर्मी की शुरुआत के पहली नया एसी लगने से गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी। इसके अलावा कुछ अन्य ऑपरेशन थियेटर में भी एसी लगाए गए हैं और अन्य स्थानों पर मरम्मत अथवा बदलाव का काम चल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने काफी समय पहले अस्पताल के निरीक्षण के दौरान पुराने हो चुके एसी को बदलने के निर्देश दिए थे। इस आधार पर अस्पताल प्रबंधन ने नया एयर कंडीशनर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की थी, जो अब पूरी हुई है।

केजुअल्टी एवं ट्रामा (इमरजेंसी) विभाग में 11 नये एयर एसी लगाए गए हैं। अनवरत ढंग से 12 महीने और चौबीस घंटे चलने वाला केजुअल्टी एवं ट्रामा विभाग अस्पताल का सर्वाधिक व्यस्त विभाग है। यहां रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट इंज्युरी/आरटीए सहित गंभीर चोटों और अन्य दुर्घटना में घायल मरीजों का इलाज होता है। इसके साथ ही यहां पर इमरजेंसी मेडिसिन विभाग एवं केजुअल्टी ट्रायेज भी है। कुल 30 बिस्तरों की क्षमता वाले इस विभाग में आपात स्थिति में सबसे पहले मरीज यहीं पहुंचता है, जहां से प्रारंभिक उपचार के बाद स्थिति स्थिर होने पर संबंधित वार्डों में शिफ्ट किया जाता है। इन विभागों में पूर्व में लगाए गए एसी काफी समय से उपयोग होने की वजह से खराब हो गये थे। वहीं अन्य विभागों में स्थापित एसी का मेंटेनेंस किया जा रहा है तथा जहां आवश्यक हो वहां नए एसी लगाये जायेंगे। इसी क्रम में गायनिक ऑपरेशन थियेटर में दो नये एसी लगाये गये हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री ने नया एसी खरीदने दिए थे निर्देश, अन्य स्थानों पर भी लगेंगे

### सप्ताहभर में शुरू होगा न्यू ट्रामा का ओटी

पांच महीने पहले आंबेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा वार्ड के ओटी में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी। आगजनी में बेहद नुकसान हुआ था और वहां ऑपरेशन बंद करना पड़ा था। इस ओटी को सुधारने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। न्यू ट्रामा वार्ड में दो नई ओटी लाइट लग गई है और वहां भी नये एसी इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया की जा रही है। न्यू ट्रामा में पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड को भी प्रारंभ किया जायेगा। न्यू ट्रामा ओटी में कल्चर टेस्ट हो जाने के बाद नियमित रूप से ऑपरेशन होने लगेंगे।



**मरीजों की सुविधा का ध्यान**

पिछली बार निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिए थे कि सर्वाधिक व्यस्त रहने वाले इन विभागों में मरीजों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उनके निर्देशानुसार यहां नये एसी लगाए गए हैं।

*- डा. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

### पेइंग वार्ड और सीएमओ दफ्तर बाकी

आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के पेइंग वार्ड में भी सुधार के निर्देश दिए गए थे। यहां नए एसी के साथ अन्य सुविधाएं देने के साथ नये शुल्क का निर्धारण किए जाना था। पेइंग वार्ड में भी एसी लगाने का काम प्रक्रियाधीन है। इसी तरह सीएमओ (आपात चिकित्सा अधिकारी) कार्यालय में पुराना एसी बदलने का प्रस्ताव दिया गया है। गर्मी के मौसम में वार्डों और इमरजेंसी को वातानुकूल बनाए रखने के लिए नए भवन में सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था किए जाने का प्रावधान है।

## मुखौटे प्रतिबंधित

# फिर भी होली की दुकानों में खुलेआम 50 से 100 रुपए में बिक रहे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन ने होली त्योहार पर डीजे के साथ मुखौटे पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बाद भी शहर की स्थाई और अस्थाई रंग-गुलाल-पिचकारी की अनेक दुकानों में मुखौटों की खुलेआम बिक्री हो रही है। प्रशासन ने मुखौटे पर प्रतिबंध तो लगा रखा है, लेकिन इसे बेचने वालों पर नकेल कसने और कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन नहीं किया है। इस कारण शहर में होली विक्रेता बेधड़क दुकानों में मुखौटे बेच रहे हैं।

### 50 से 100 रुपए में बिक रहे हॉरर शेर सहित कई तरह के मुखौटे

होली सामान की दुकानों में रंग-गुलाल, पिचकारियों के साथ हॉरर, शेर सहित कई जानवर, कार्टून के मुखौटे भी बेचे जा रहे हैं। ये मुखौटे 50 रुपये से लेकर 100 रुपए तक बिक रहे हैं। शहर में गोलबाजार, लाखेनगर, आमापारा, संतोषीनगर, अमलीडीह, न्यू राजेंद्र नगर, कटोरा तालाब, तेलीबांधा, सुंदरनगर, पंडरी, मोवा सहित कई इलाकों में जहां-जहां होली सामानों की दुकानें लगी हैं, उनमें ज्यादातर दुकानों में प्रतिबंधित मुखौटे भी बिक रहे हैं। हालांकि कई दुकानों में चोरी छिपे बेचा रहा है, तो कई दुकानों में स्टॉल में या फिर लटका कर बेचा जा रहा है।

## पैसों के स्त्रोत को लेकर आयकर अफसर ड्राइवरों से कर रहे पूछताछ

# एक करोड़ 67 लाख के स्त्रोत को लेकर पुलिस के साथ आईटी की टीम उलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टाटीबंध के पास कार से जब्त एक करोड़ 67 लाख रुपए की गुत्थी सुलझाना पुलिस तथा आयकर विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। जब्त रुपए किसके हैं, उसे नागपुर में किसे डिलीवरी देने जाना था, इसकी जानकारी पुलिस तथा आयकर विभाग की टीम को नहीं लगी है। आमानाका पुलिस ने मंगलवार देर रात कार जांच के दौरान रुपए जब्त किए थे। इसके बाद पुलिस ने रुपए जब्त करने की जानकारी आयकर अफसरों को दी। आयकर अफसर गिरफ्तार कार चालकों से पूछताछ कर रहे हैं।

- इंडिया सिरीज के नंबर से इनोवा कार की सीट के नीचे चेंबर बनाकर ले जा रहे थे रुपए

पुलिस ने घटना दिनांक को मुखबिर की सूचना पर टाटीबंद के बास कार से नोट ले जा रहे उत्तरप्रदेश, मथुरा निवासी श्रीकांत सिंह तथा आगरा निवासी विनोद कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। पुलिस जब्त रुपए को हवाला के माध्यम से ले जाने की बात कह रही है। पूछताछ में पुलिस को इतनी ही जानकारी मिल पाई है कि दोनों कुरियर ब्वाय पेशे से ड्राइवर हैं। उन्हें कार सहित रुपए नागपुर में छोड़ने के लिए कहा गया था।

### वाट्सएप काल से संपर्क

श्रीकांत तथा उसके साथी ने पुलिस को बताया है कि वो दोनों पेशे से ड्राइवरी का काम करते हैं। वे किसी काम से रायपुर आए थे। इस दौरान उन्हें एक वाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने श्रीकांत तथा उसके साथी को रेलवे स्टेशन के पास कार खड़े होने की जानकारी दी। साथ ही उन्हें कार का नंबर बताया। कॉल करने वाले ने दोनों को कहा कि कार को वे नागपुर रेलवे स्टेशन के पास छोड़ दें। इसके बदले में उन्हें कार ले जाने का मेहनताना दिया जाएगा। इस पर श्रीकांत तथा उसका साथी कार ले जाने राजी हो गए। श्रीकांत तथा उसके साथी का कहना है कि उन्हें कार में रखे रुपए के बारे में पूर्व से जानकारी नहीं थी।



### हवाला कारोबार का गढ़ नागपुर

नागपुर हवाला कारोबार का बड़ा गढ़ है। रायपुर सहित प्रदेश के ज्यादातर शहरों से हवाला की रकम नागपुर के रास्ते पहुंचाने का काम किया जाता है। इसमें सट्टे की रकम भी शामिल है। जब्त रुपए हवाला का है या किसी अन्य का, इस संबंध में पुलिस तथा आयकर विभाग के अधिकारी अधिकृत बयान जारी करेंगे, तभी रहस्य से पर्दा उठ पाएगा।

### जांच के दौरान घबराए युवक

पुलिस के अनुसार कार की जांच की जा रही थी, इस दौरान कार के पीछे की तरफ के दरवाजे खोलने कहा गया। इस दौरान दोनों युवक कार के पीछे का दरवाजा खोलने आना-कानी करने लगे। इस पर पुलिस को कार में संदिग्ध वस्तु होने की आशंका हुई। पुलिस ने दबाव डालकर दरवाजा खुलवाया, तो कार की सीट के नीचे चेंबर बना था। चेंबर खोलकर देखने के बाद पुलिस की आंख खुली की खुली रह गई। चेंबर नोटों से भरा हुआ था। इससे जाहिर होता है, कार चालक को कार में पहले से रुपए होने की जानकारी थी।

### आईटी अफसरों के बाद पुलिस करेगी पूछताछ

गिरफ्तार दोनों युवकों से बुधवार को आईटी के अफसर रुपए के बारे में पूरे दिन पूछताछ करते रहे। पूछताछ में दोनों युवकों ने आईटी के अफसरों को रुपए के बारे में क्या जानकारी दी है, आईटी अफसरों ने इसकी अब तक किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों युवकों से गुरुवार को पूछताछ की जाएगी। इसके बाद रुपए के स्त्रोत तथा किस उद्देश्य के लिए ले जाया जा रहा था, इसके बारे में कुछ बता पाने की बात कह रही है।

## 200 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

# पंडरी में वनश्री इंटरप्राइजेस का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणिग्रही के नेतृत्व में जोन 3 स्वास्थ्य अमले ने बुधवार को पंडरी क्षेत्र स्थित वनश्री इंटर प्राइजेस का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान से करीब 200 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया गया। दुकान संचालक को प्रतिबंधित पॉलीथिन को लेकर कड़ी चेतावनी दी गई।

जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय के वैज्ञानिक मानिक चंदेल, उप अभियंता एसके चौधरी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी सहित पुलिस प्रशासन बल के सहयोग से प्रतिबंधित पॉलीथिन को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान पंडरी बाजार क्षेत्र में वनश्री इंटरप्राइजेस दुकान से करीबन 200 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर उसे टाटा 407 वाहन में भरकर जोन कार्यालय ले जाया गया।

### दुकानों में डस्टबिन नहीं रखा, जुर्माना

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 10 जोन में स्थित बाजार क्षेत्रों में सफाई की स्थिति जांचने दुकानों का निरीक्षण किया। इसमें 29 दुकानों में निरीक्षण के दौरान डस्टबिन नहीं मिलने पर संबंधित दुकान संचालकों से 5,600 रुपये जुर्माना लगाया गया। वहीं गंदगी फैलाने वालों को चेतावनी देते हुये जुर्माना किया गया। जोन स्तर के स्वास्थ्य विभाग की टीम इन दिनों स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के संबंध में शहरवासियों को सफाई के प्रति जागरूक करने स्थल निरीक्षण कर रही है।

# अमृत दीवान ने अपने प्रतिद्वंदी सोमन को 3 वोटों से हराकर बने उप सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम पंचायत रानीपरतेवा में उप सरपंच चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अमृत/जयंत दीवान ने बाजी मारी सर्व प्रथम राजेश रात्रे पीठासीन अधिकारी और प्रकाश पटेल के द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया चालू किया जिसमें दो पंचों ने उप सरपंच पद के लिए नामांकन फार्म भरा जिसमें अमृत दीवान और सोमन यदु थे। निर्धारित समय में दोनों में से किसी ने भी अपना नाम वापसी नहीं लिया। 20 मिनट बाद विधिवत वोटिंग प्रारंभ हुआ। सभी पंच और प्रत्याशी के बीच में ही गणना हुआ जिसमें 11 वोट अमृत दीवान को, सोमन यदु को 8 मत पड़े, 01 वोट रिजेक्ट हुआ। इस प्रकार अमृत दीवान 3 वोट से विजयी घोषित हुई। पीठासीन अधिकारी के द्वारा उपसरपंच को प्रमाणपत्र दिया गया। बता दे की सरपंच हेमलाल नेताम ने निर्विरोध उप सरपंच चुनने की पहल किया परंतु अन्ततः निर्वाचन



पर ही बात बनी। सरपंच हेमलाल नेताम ने आगे कहा कि चुनाव लड़ते तक कई बातें आती रही जाते परंतु चुनाव हो जाने पर सारे मत भेद भूला कर सब के एक टीम भावना से साथ मिल जुल कर ग्राम का समूचित विकास के लिए काम करना हैं जिसमें सभी के बराबर सहयोग कि अपेक्षा किया। अमृत दीवान की उप सरपंच बनने पर सरपंच एवं पंच गणों ने बधाई दी। जिसमें मुख्य रूप से सरपंच हेमलाल नेताम रानीपरतेवा केसरी नेताम पूर्व सरपंच, पुष्पा ध्रुव, प्रहलाद यदु पूर्व जनपद कृषि सभापति, हीरागिरी गोस्वामी, सोमनगिरी गोस्वामी परशुराम साहू, रुपसिंग सिन्हा, पंच गण मतेश्वरी ध्रुव, उषा बाई साहू, मनहरण लाल साहू, पार्वती सिन्हा, श्यामकुमारी दीवान, सोमन लाल यदु, दीपक ध्रुव, लीलावती साहू, चमेली मरकाम, निर्मला मरकाम, जेठू राम निषाद, पदमनीगिरी गोस्वामी, सावित्री अडवंशी, मुक्ति मरकाम, महेश दीवान, नरेश कुमार साहू, देवशरण कंवर, अनुसुइया मरकाम हैं।

# मेहनतकश है मरार पटेल समाज : नारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

कोसरिया मरार समाज समाज घाटखाल्हे क्षेत्रबोड़राबांधा छुरा का वार्षिक सम्मेलन 9 मार्च को शाकंभरी शक्ति पीठ लोहझर में नव-निर्वाचित जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य, जनपद पंचायत छुरा के जनपद सदस्य सुखबती टांडे के विशेष आतिथ्य एवं घाटखाल्हे क्षेत्र-बोड़राबांधा छुरा के अध्यक्ष नारायण पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के आसंदी से नव-निर्वाचित जिला-पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि मैं शाकंभरी नवरात्रि पर्व पर मां भगवती शाकंभरी देवी से आशीर्वाद मांगी थी, जिसे मां ने पूर्ण किया। यह मेरी जीत नहीं, ये आप सभी की जीत है। इस जीत के लिए मैं मरार पटेल समाज का हमेशा आभारी रहूंगी तथा मरार पटेल समाज के सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहूंगी। विशेष अतिथि के आसंदी से जनपद पंचायत सदस्य सुखबती टांडे ने अपनी जीत का श्रेय मरार पटेल समाज को दिया एवं अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में मंदिर परिसर पर कांक्रिटीकरण कराने का आस्वासन दिया। नव-निर्वाचित ग्राम पंचायत लोहझर के सरपंच यसवंत ठाकुर ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय मरार पटेल समाज को दिया एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नारायण पटेल ने



कहा कि मरार पटेल समाज हमेशा मेहनती और ईमानदार समाज है। एक छोटे से जमीन के टुकड़े पर मेहनत करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। सम्मेलन को शाकंभरी समाज के संयोजक एवं घाटखाल्हे क्षेत्र-बोड़राबांधा छुरा के संरक्षक नारायण पटेल छुरा ने भी संबोधित किया। उसने अपने संबोधन में शाकंभरी शक्ति पीठ के निर्माण एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग के संबंध में जानकारी दिया। सम्मेलन में नव-निर्वाचित जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य-शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद पंचायत छुरा के सदस्य-सुखबती टांडे, नगर पंचायत छुरा के पार्षद-बलराज पटेल, ग्राम पंचायत लोहझर के सरपंच-यसवंत ठाकुर, ग्राम पंचायत पिपराही के उपसरपंच-कृष्ण कुमार पटेल पिपराही एवं मरार पटेल समाज के सभी नव-निर्वाचित पंचों का समाज द्वारा सम्मान किया गया। सम्मेलन का आभार व्यक्त सचिव पिलेश्वर पटेल ने किया। सम्मेलन में कोसरिया मरार पटेल समाज घाटखाल्हे क्षेत्र बोड़राबांधा (छुरा) के खुटैत रूपसिंग पटेल, संरक्षक -गैंदलाल पटेल, जीवनलाल पटेल, ठाकुर राम पटेल, संतोष पटेल, श्यामलाल पटेल, गंगाराम पटेल, छबिराम पटेल, गंगूराम पटेल, सलाहकार-सतीश पटेल, हेमलाल पटेल, रवि पटेल, प्रहलाद पटेल, युवराज पटेल, उपाध्यक्ष प्यारेलाल पटेल, थुकेल पटेल, कोषाध्यक्ष धनीराम पटेल, अंकेक्षक -बेदराम पटेल, मंच संचालक-हेमलाल पटेल, नोहर पटेल, उप-कोषाध्यक्ष -कुशल पटेल, सह-सचिव-भीखम पटेल, शाकंभरी समाज के सचिव-योगेश पटेल, शाकंभरी, महामंत्री-राधेलाल पटेल, उपाध्यक्ष-मोहन पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रवती पटेल, पूर्णिमा पटेल, प्रमिला पटेल, अरूणा पटेल, यमुना पटेल, भाजपा से पुरूषोत्तम गिर गोस्वामी, बलराम निषाद उपस्थित थे।

## 3 घंटे चली बैठक में चैंबर चुनाव पर ही चर्चा केंद्रित रही

# बजाज ने छोड़ा पारवानी का साथ एकता पैनल के संयोजक बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव को लेकर खींचतान जारी है। निवृत्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी के चुनाव मैदान से हटने के दूसरे ही दिन विनय बजाज की एकता पैनल में वापसी हो गई है। अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल का साथ छोड़कर वे श्रीचंद सुंदरानी के व्यापार एकता पैनल में लौट आये हैं। उन्हें व्यापार एकता पैनल का संयोजक बनाया गया है।

विदित हो, जय व्यापार पैनल से कुछ समय पूर्व अमर गिदवानी, अमर पारवानी का साथ छोड़कर व्यापारी एकता पैनल में शामिल हुए थे। इधर जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी के



अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान से हटने की घोषणा के बाद प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि बुधवार को रायपुर पहुंचे और अमर पारवानी से मिलकर उन्हें चुनाव मैदान में डटे रहने आग्रह किया। बैठक में जय व्यापार पैनल के संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, रामजी पटेल मौजूद रहे। निवृत्तमान प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों से कहा कि नई पीढ़ी को भी मौका मिलना चाहिये। पैनल के वरिष्ठजन जिन्हें पैनल से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी सर्वसम्मति से बनायेंगे, वे उनका पूरा समर्थन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक करीब 3 घंटे चली बैठक में चैंबर चुनाव पर ही चर्चा केन्द्रित रही। पारवानी समर्थकों ने भी उन्हें मनाने की कोशिश की, पर वे अपनी बात पर डटे रहे।

जय व्यापार से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी कौन होगा, इस बात को लेकर व्यापारी जगत की निगाहें टिकी हुई हैं। यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस बार चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल नए चेहरे पर दांव लगा सकता है।

पेज 11 के शेष...

### सीतानदी रिजर्व क्षेत्र...

रायपुर, दीपक अग्रवाल कलेक्टर गरियाबंद एवं वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के कुशल निर्देशन मे आज कुल्हाड़ीघाट वन परिक्षेत्र के ग्राम कुकरार मे स्थानीय जन प्रतिनिधियों के माध्यम से 125 नग, ओढ़ मे 104 नग, अमलोर में 36 नग और हथौड़ाडीह में 35 नग स्कूल, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत को 17 नग शुद्ध पेयजल हेतु टैराफील फील्टर वितरण किया गया। जिससे सभी ग्रामो के परिवार को आयरन युक्त पानी पीने से बचाया जा सके। इसके अलावा ग्रामीणो को महुआ एवं तेन्दुपत्ता संग्रहण हेतु वनो में आग न लगाने के लिए चर्चा किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित-** इस शुद्ध पेयजल हेतु टैराफील फील्टर वितरण कार्यक्रम मे सरपंच श्रीमती राजी बाई (ओड पंचायत), सुभद्रा गोंड, हुमन भुजिया (कुकरार पंच), वरुण जैन उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद, जे.पी. दरों सहायक संचालक तौरेंगा, गोपाल कश्यप सहायक संचालक उदंती (मैनपुर), अमरसिंग ठाकुर वन परिक्षेत्र अधिकारी कुल्हाड़ीघाट, बैकुण्ड सिंह ठाकुर, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी ओढ़, राकेश मार्कण्डेय, विरेन्द्र ध्रुव, चुरामन घृतलहरे एवं नवनिर्वाचित सरपंच, पंच, मितानिन व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### शासकीय प्राथमिक...

जाओगे इसका पालन जरूर करना जीवन में सफलता के लिए शिक्षकों व अपने बड़ों का सदैव आदर व मान सम्मान बनाए साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय की समस्याओं को सब मिलकर दूर करेंगे। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनेश्वरी मुरचुलिया ने आशीर्वचन प्रदान किए। बच्चों ने कविता के माध्यम से कहा याद आएंगे वो सारे पल जो स्कूल में बिताए हैं कभी पढ़ाई तो कभी मस्ती के लिए शिक्षक की डांट के साथ हमारे जीवन की अभिनव पहल है। आभार व्यक्त करते हुए गोदावरी साहू ने कहा कि बच्चों को हमेशा मेहनत करते रहना चाहिए। साथ ही सभी अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में तेजकुंवर कंडरा नवनिर्वाचित सरपंच, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति हरीश निषाद, प्रधान पाठक धनेश्वरी मुरचुलिया, गोदावरी साहू, शिक्षक मानिक साहू, ताम्रध्वज साहू, खेमलता साहू, दीपिका साहू, किसन कंडरा, भगत साहू, लता साहू, ऊषा साहू, भारती पटेल, नंदनी साहू उपस्थित रहे।













प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) – छुरा, मो. 9893464850

**खबर संक्षेप**



## सिर्रीखुर्द सरपंच ने की सफाई

**छुईहा बेलर।** शपथ लेते ही कुछ नवनिर्वाचित सरपंचों ने अपने गांवों में सफाई अभियान शुरू कर दिया है। गांव में होली त्योहार में सभी अपने घर की सफाई कर रहें हैं, वैसे में ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द सरपंच देवेन्द्र वर्मा भी अपने पंचायत के गांव गली की नाली कई महिनों से जमे गंदगी को फावड़ा से सरपंच देवेन्द्र वर्मा ने साफ किया। इसी तरह इस पंचायत में पूर्व सरपंच रहे एवं वर्तमान विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द गांव की साफ- सफाई कर चकाचक रखा करते थे। इन्ही के मार्गदर्शन में सिर्रीखुर्द सरपंच गांव के युवाओं के साथ गुरुवार को सफाई अभियान चलाया।

## नपांध्यक्ष लुकेश्वरी को ओम प्रकाश ने शुभकामनाएं दी



**छुरा।** नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित अतिथियों के स्वागत के पश्चात सभी अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद का पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी ने उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान कर अध्यक्ष पद की शुभकामनाएं दी।

## भगवताचार्य पं. युवराज विश्व शांति वार्षिक महिमा मेला में हुए शामिल



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड स्थित कांडसर गौ शाला में पिछले चार दिनों से विश्व शांति वार्षिक महिमा मेला प्रकृति की रक्षा के लिए धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कांडसर गो सेवा केन्द्र के बाबा उदयनाथ द्वारा पिछले 18 वर्षों से होली पर्व में विश्व शांति ब्रम्ह यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में शामिल होने क्षेत्र के प्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित युवराज पांडेय पहुंचे। उन्होने गौ माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि खुशहाली की कामना की।

### नवापारा और राजिम की शराब दुकान में शराबियों का लगा रहा मेला

# होली पर शराब दुकानों में लगा रहा मेला, रात तक उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

होली त्यौहार में नवापारा और राजिम की देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान में मानों मेला लगा हुआ है। ऐसी भीड़ हालांकि हर प्रमुख त्योहारों में लगती है परंतु इस बार की भीड़ ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। लाइन लंबी इस तरह मानों कोई राशन दुकान में राशन लेने के लिए लगी हो या थियेटर में कोई नया फिल्म लगा हो। लोग शराब के इतने दीवाने हो चुके हैं कि सारा काम एक तरफ और शराब लेने के लिए लाइन लगने की बात एक तरफ। हर कोई त्योहार के दौरान आने दो दिन के कोटे को एक साथ हासिल कर लेना चाहता है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इन दोनों ही शराब दुकानों में लाइन उस समय से लग गई थी जब दुकान के शटर ही नहीं खुले थे। दुकान खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पूरा दिन से लेकर दुकान के बंद होते तक रेलमपेल भीड़ शराब लेने वालों की लगी रही। मौके का फायदा कोचिए तो उठा ही रहे हैं बल्कि ऐसे लोगों की यहां से रोजी-रोटी निकल रही है।

शराब प्रेमियों के मुताबिक इन दोनों दुकानों में मनपसंद ब्राण्ड नहीं मिल रहा हैं। इसलिए जो मिलता है वे मजबूरी में लेते हैं और चलते बनते हैं। होली की खुमारी यहां एक दिन पहले से ही चढ़ गई है। लगता है यह खुमारी कम से कम 3-4 दिन तो उतरने वाली नहीं है। लोग एक दिन रंग-गुलाल खेलकर त्योहार मनाएंगे। बाकी दिन त्यौहार के उपलक्ष्य में पार्टी करेंगे। यह सिलसिला अभी लंबा चलेगा। बताया जा रहा है होली को देखते हुए पिछले 5-6 दिनों से दोनों शराब दुकान हाऊसफुल चल रहा है। इस हाउस फुल के बीच लोगों में दारु लेने की होड़ मची हुई है। शराब के खिलाफ कितनों ही सरकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, मगर इसका असर बिल्कुल भी नहीं होते दिख रहा। होली हो या दीपावली, ऐसे बड़े त्यौहारों के मौके पर यहां के शराब दुकान में ऐसी ही भीड़ लगती है। लाइन में लगे लोग एक से बढ़कर एक बात बताते हैं।



### बिक रहा अवैध शराब, ग्रामीण कोचिए से परेशान

राजिम। क्षेत्र में ऐसा कोई भी गांव साबुत नहीं है जहां अवैध रुप से शराब न बिक रहा हो। गांव-गांव में कोचियाओं का जाल बिछा हुआ है। आखिर गांवों में शराब कहां से आती है? यह चिंता का विषय है। अवैध शराब के कारण हर गांव का माहोल इन दिनों दुषित हो चुका है। कमोवेश हर गांव में सभ्रांत लोगों का जीना हराम हो गया है। शाम होने नहीं पाता कि जगह-जगह अंडे ठेलों और टपरानुमा होटलों में महफिलें सजती है। महिलाओं और लड़कियों को घर से निकलना दुभर हो जाता है। यदि कोई पर्व हो जाए तो गांव का माहोल और भी ज्यादा खराब हो जाता है। क्योंकि शराबी नशे की हालत में हुड़दंग मचाते है। लोगों से अभद्र व्यवहार गाली-गलौच करते भय पैदा करते हैं। होली में ऐसे तत्व नाक में दम कर जीना हराम कर देते है। इनसे कौन बुराई मोल ले यह सोचकर सभ्रांत और सीधे सादे लोग मनमसोस कर चुप रहते हैं। शाम होने के बाद तो सड़क किनारे पुल-पुलियो में डिस्पोजल लेकर बैठने वालों की बड़ी भीड़ नजर आती है। शराबियों का जमघट लगता है।

### चखना दुकान व ठेलों पर लगी रही भीड़

शराब दुकान से लगा हुआ कईयों तरह के चखना दुकान हैं। यहां भी लोग भीड़ लगाए हुए हैं। भजिया, बड़ा, मिर्चा भजिया कड़ाही से निकलने नहीं पाता कि लोग मुझे पहले दो, ऐसा करके बोलने लग जाते हैं। पर रात से ये सामग्री मिनटों में ही खत्म हो जाता है। पीने वालों को भजिया, बड़ा के अधपका होने का कोई मलाल नहीं होता। ढाबा, होटल, डेलीनिड्स कार्नरों से ज्यादा तो ठेले वालों के यहां भीड़ रहती है। कमोवेश ऐसी ही भीड़ मुर्गा कॉर्नर और अंडे ठेलों में देखी जा रही है। लगता है त्यौहार का असली मजा शराब प्रेमी ही उठाते हैं। शहर में दो दर्जन होटल है। पर यहां मिठाई खरीदने वालों की संख्या नगण्य है। होली में गुझिया और मिक्सचर को पसंद किया जाता है, जो लगभग हर सामान्य घरों में बनता है। इसलिए भी होटल की मिठाई की मांग कम ही रहती है।

## महिलाएं सशक्त होगी तभी समाज और देश सशक्त होगा : पुष्पा साहू





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भैंसातरा में रोहणी साहू ग्रामीण साहू समाज की महिला उपाध्यक्ष द्वारा ग्राम संगठन भवन में महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया था जिसमें मुख्य अतिथि पुष्पा-जगन्नानाथ साहू पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की महिलाएं सशक्त होगी तभी समाज और देश सशक्त होगा भारतीय नारी अपनी विशेषता की वजह से न जाने कितने रिश्तों का निर्वाह करती है। बेटी के रूप में जन्म लेकर जीवन आरंभ करने वाली नारी किसी की बहन किसी पत्नी किसी की माँ होती है। नारी के सामर्थ का हमारे भारत देश मे अनेक उदाहरण है नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है शिक्षा के क्षेत्र में , सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में, अधिकारीक क्षेत्र में, महिलाओं को एक अवसर की आवश्यकता होती है वो काबिलियत से आगे बढ़कर दिखती है भैंसातरा के सखी सहेली ग्रुप को एकता के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं देते हुए अंतरास्ट्रीय महिला दिवस मनाकर साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन की शुभकामनाएं दिए। सभी दीदियों ने ग्रुप में जुड़ने से अपने अनुभव को साझा किया। मंच संचालन सरस्वती मानिकपुरी ने किया। कस्तुरी तारक, नूतन साहू ग्राम संगठन अध्यक्ष बोरसी, लोकेश्वरी साहू, हीरा साहू, उर्वशी साहू, बुद्धि साहू, टेमेंवेश्वरी साहू, जानकी निर्मलकर, कोयल साहू, महेश्वरी साहू, दिनेश्वरी श्रीवास, छबीला साहू कौशल्या साहू, सुरोतीन बाई साहू, रजनी साहू, उषा मानिकपुरी, तीजन साहू, श्यामा साहू, बिंदु साहू, पेमीन साहू, कुंती साहू, लता साहू, अनुराधा साहू, डिंपल साहू ने मिल कर हर्षो उल्लास के साथ महिला दिवस और होली मिलन मनाया।

## सरकड़ा में पंचायत प्रमुख सहित पंचों ने की गांव की साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

ग्राम पंचायत सरकड़ा में सरपंच कीर्तिलता दिवान, सचिव उमा साहू एवं उपसरपंच महेश्वर साहू के नेतृत्व में होली के पहले गांव की प्रवेश द्वार से लेकर तालाब किनारे,पंचायत भवन, ज्यादा कचरा फैले हुए जगहों की सफाई कर कचरा को कूडादान में डाला गया इस मौके पर सरकड़ा की महिला पुरुष शामिल हुए और सभी ने अपना सहयोग दिया इस मौके पर सरपंच कीर्तिलता दीवान ने कहा कि है सभी पंच बहनों एवं भाइयों के सहयोग से यह कार्य किए है जिस तरह है अपने घरों को सफाई कर साफ सुथरा रखते है उसी प्रकार गांव की सफाई जरूरी है ऐसे में बाहर ज्यादा कचरा खुले में न फेंक उन्हें डस्टबिन के माध्यम से कूड़ादान में डाले जिससे आने जाने वाले मार्ग में बाहर से आने वाले और ग्राम के लोगों को बदबू से परेशान नहीं होना पड़ेगा साथ ही सफाई होने से गांव के लोग कम बीमार होंगे इसलिए सफाई घरों से लेकर गांव तक सफाई बहुत ही आवश्यक है। पंचों में यादराम साहू, दसमत बाई, बलराम दिवान, हुमन साहू उतरा दिवान, मोहिनी, रमा, केशव निषाद, रमेश आदि उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष महेश ने पंचायत की सीढ़ी को किया प्रणाम



**राजिम।** राजिम नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कट्टरवादी हिंदु नेता महेश यादव ने बस स्टेण्ड में आयोजित कार्यक्रम में शपथ ग्रहण के बाद काफिला के साथ नगर पंचायत पहुंचे। यहां सर्वप्रथम उन्होने नगर पंचायत की सीढ़ी में सिर झुकाकर प्रणाम किया और नारियल फोड़कर अंदर प्रवेश किया। इस दौरान उनके साथ सभी निर्वाचित पार्षद भी मौजूद थे।

## 5वीं व 8वीं के बच्चों को दी विदाई

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला कक्षा पांचवीं एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बम्हनी कक्षा आठवीं के बच्चों का विदाई सम्मान समारोह गुरुवार को रखा गया था, जिसमें मुख्य अतिथि ग्रामीण अध्यक्ष परदेशी राम ध्रुव, विशिष्ठ अतिथि ग्रामीण संरक्षक अवध राम साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष चेतन लाल ध्रुव, ग्रामीण कोषाध्यक्ष राधेश्याम साहू, ग्रामीण सचिव एवं शिक्षाविद पूर्व माध्यमिक शाला ताराचंद साहू, शिक्षाविद प्राथमिक शाला साधना साहू, बाबूलाल ध्रुव, उपसरपंच महेश्वरी साहू, पंच सीताराम ध्रुव, कल्याणी ध्रुव, पुना बाई ध्रुव, सभी गणमान्य नागरिक जिसमे सेवक राम,भानुप्रताप, पालन राम, ख़ेम सिंग, मोती राम, यशवन्त साहू, गुलशन ध्रुव,मान बाई एवं सभी शिक्षक गण जगत ध्रुव, विनोद कुमार अड़वंशी,खोहन लाल सुर्यवंशी, बालकृष्ण छैदेया, दिनेश कुमार सेन भूमिता साहू उपस्थित थे।



## आईएसबीएम विवि में धूम्रपान जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय, विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में धूम्रपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराना एवं इसे छोड़ने के उपायों पर मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता, डॉ. पी.वी. विश्वनाथन ने अपने स्वागत उद्बोधन में तंबाकू एवं निकोटीन के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विषैले गैसों एवं टॉक्सिक पदार्थों के प्रभावों की विस्तृत व्याख्या की। इसके उपरांत आईक्यूएसी निदेशक, डॉ. कुमार स्वामी ने प्रेरणादायक चित्रों एवं वैज्ञानिक तथ्यों के माध्यम से धूम्रपान से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने डोपामाइन हार्मोन की भूमिका पर चर्चा करते हुए यह स्पष्ट किया कि मानसिक दृढ़ता एवं उचित मार्गदर्शन से इस लत से मुक्ति पाई जा सकती है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव ने साइको-फिजियोलॉजी एवं मनोवैज्ञानिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि धूम्रपान केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्थाओं को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को धूम्रपान से बचाव हेतु स्वास्थ्यकर जीवनशैली अपनाने का परामर्श दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. आनंद महलवार ने धूम्रपान को एक गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए इसके नियंत्रण हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।



## सीएम साय को होली का टीका लगा किशोर ने लिया आशीर्वाद



**नवापारा-राजिम।** प्रदेश के विधानसभा परिसर में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल सदस्यों सहित सभी विधायकों ने जमकर होली खेली। इस दौरान युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन भी आयोजन में शामिल हुए और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रीगणों व विधायकों को रंग गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद लेते हुए सभी को होली त्यौहार की बधाई दी। देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि होली में लोग आपसी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे को रंग लगाकर त्यौहार मनाते हुए खुशियां बांटते हैं। इसी तरह आज सभी विधायकों ने राजनीतिक द्वेष भूलकर होली त्यौहार मनाते हुए प्रदेशवासियों को भी एक अच्छा संदेश दिया है। यह एक बहुत बढ़िया आयोजन था, जिसमें उसे हिस्सा लेने का अवसर मिला। आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह और मुख्यमंत्री साय ने मुझे पुत्रवत स्नेह प्रदान कर होली की शुभकामनाएं दी, साथ ही बेहतर कार्य करते रहने का आशीर्वाद भी दिया।

## होली के पहले जमकर उड़े रंग-गुलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर में विभिन्न स्थानों पर होली के पूर्व रंग गुलाल का दौर चालू हो गया है। शासकीय कार्यालय एवं स्कूलों में अधिकारी कर्मचारी एक -दूसरे को गुलाल लगाते रहे। जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी सहित खेल मैदान, बैडमिंटन क्लब, वन विभाग, बजरंग चौक में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाई। दिनभर नगाड़े की थाप, होली का दौर चलता रहा। मानस मंदिर में दो दिनों से नगाड़ों के साथ फाग गीत चल रहा है जिस में लोग बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन पहुंचे निर्भय के निवास



**मैनपुर।** राजधानी रायपुर से लगभग 200 किलोमीटर दूर जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एंव जनपद सदस्य निर्भय ठाकुर के निवास में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पहुंचे तो उनका आत्मीयता से स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश सगठन महामंत्री पवन साय ने उनके व उनके परिजनों से मुलाकात किया तथा उनके हालचाल जाने साथ ही पार्टी संगठन के लिए तनमन से काम करने का बात कही है।

## तेलीबांधा में हर्बल गुलाल का किया वितरण

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा तेलीबांधा में गुलाल वितरण किया गया, अभी तक पचास हजार पैकेट हर्बल गुलाल के वितरित किए जा चुके है। पिछले पांच दिन से गुलाल वितरण का आयोजन अलग-अलग जगह हो रहा है। इसी दौरान सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, सभी वर्ग खुशी से होली मनाए और गुलाल मिलने से बच्चों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। होली के पर्व पर सभी रंग के गुलाल वितरण किए गए। गुलाल वितरण करने वालों में सुनील कुकरेजा, बसंत कुकरेजा, पार्षद संतोष साहू, पार्षद महेश ध्रुव, सोनू सलूजा, लक्की कुकरेजा, राजू तारवानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी आदि उपस्थित थे।







